एक नजर में

लीलादेवी चौबे के निधन पर शौक संवेदना व्यक्त की

कांटाफोड़। नगर कांटाफोड़ में स्व . पंडित श्याम सुंदर चौबे की धर्मपत्नी, एवं भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री संतोष चौबे ,पंडित पुरुषोत्तम चौबे की माताजी श्रीमती लीलादेवी चौबे का विगत दिवस निधन हो गया। निज निवास पर क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा,भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, नगर भाजपा अध्यक्ष सुशील पसारी भाजपा नेता प्रदीप डाबी, पार्षद अनिरुद्ध शर्मा, राज टुटेजा ने पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

ॐ श्री सद्गुरु खेड़ापति सरकार को लगेगा छप्पन भोग

देवास। हनुमान अष्टमी पर विशेष पूजन पाठ के साथ आध्यात्मिक आयोजन की अनूठी परंपरा देवास के मुक्ति धाम रोड़ पर स्थित श्री रामकृष्ण व्यायामशाला के आध्यात्मिक परिसर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 12 दिसंबर को हनुमान अष्टमी पर खेड़ापति सरकार को छप्पन भोग लगाकर फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया जाएगा। आध्यात्मिक परिसर के संयोजक मदनलाल कहार ने बताया कि त्रेता युग में हनुमान जी ने पाताल लोक के अहिरावण का वध करके भगवान श्रीराम और लक्ष्मण जी को मुक्त कराया था। इसलिए यह दिन विजय दिवस के रूप में युगो युगों से मनाया जा रहा है। शक्ति उपासकों के लिए अष्टमी के दिन की गई पूजा को मनोकामना को सिद्ध करने वाला दिन माना जाता है। खेड़ापति सरकार की कृपा और भक्तों की श्रद्धा से देवास में हनुमान अष्टमी के पर्व को मनाने की परम्परा इस परिसर में विराजित हर मनोकामना को पूर्ण करने वाले सदगुरु खेड़ापति हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई है। मान्यता के अनुसार यह वो स्थान जहां महान तपस्वी योगी संत श्री शीलानाथजी महाराज ने साधना कर इस स्थान को चैतन्य किया है। यह ईश्वरीय प्रेरणा है कि हम को इस सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। पुराणों में हनुमान अष्टमी के वर्णित महत्व के अनुसार ही श्री हनुमान जी की पूजन पाठ की जाती है। इस वर्ष 12 दिसंबर शुक्रवार को रुद्र अवतार की अष्टमी का होना भक्तों के लिए सौभाग्य का विषय है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रात: 5 बजे हनुमानजी का भव्य श्रृंगार काम्या सिंदूर से रक्षित सोनी द्वारा किया जायेगा। प्रात 8 बजे सर्व कार्य सिद्धि हेतु पंचमुखी हनुमान महायज्ञ किया जायेगा। प्रात: 11 बजे छप्पन भोग लगाया जायेगा। प्रात: 11.15 बजे सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। प्रात 11.30 बजे महाआरती सम्पन्न होगी इसके पश्चात खिचड़ी का भंडारा प्रारंभ होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील नितेश वर्मा, चितवन जोशी, प्रेमनारायण तिवारी, कैलाश चावड़ा, कैलाश श्रीवास्तव, राजेन्द्र राठौर, बाबू, राजेन्द्र परिहार मुन्ना भैया, करण शर्मा, गुड्डु चौरसिया, विजय कहार, उमेश माली, साहिल हरोड़े, सुमित राठौर, निर्मल दवे, राहुल गेहलोद, जे .एस . परमार, आयुष बारोड़, लोकेश पंचोली, रितिक गुर्जर, शेखर कौर, कान्हा, चिराग, प्रियांश आदि ने की है।

विधायक जयवर्धन सिंह का भौंरासा में स्वागत

भौंरासा। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं गुना जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक जयवर्धन सिंह का भोपाल से देवास जाते समय भौंरासा में युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव इरफान मदनी के नेतृत्व में आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान चाय पर स्थानीय मुद्दों एवं जनसमस्याओं को लेकर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की प्रमुख समस्या एसआईआर को लेकर विधायक जयवर्धन सिंह को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। इस अवसर पर पार्षद दीपेश कानूनगो, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, फजल उस्ताद, फैजान मदनी, सलमान पठान, राजकुमार ठाकुर, राजवीर ठाकुर, इरशाद सदाबहार, अली सदाबहार, फुरकान मदनी, बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

खेल जीवन में जीने की कला सिखाता है : विधायक भंवरा

सतवास। सांदीपनि शा . उ . मा . वि . सतवास के परिसर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में विधायक मुरली भंवरा ने कहा कि, खेल जीवन जीने की कला सिखाता है, उन्होंने कहा कि, खेलो से जीवन में, अनुशासन आता है, और शरीर स्वस्थ रहता है, शारीरिक और मानसिक दोनों ही प्रकार के विकार दूर होते है। कार्यक्रम मै विधायक के द्वारा प्रदान की गई, कबड्डी मेट को भी, भेट किया गया, विधायक ने कक्षा 12 वी की दिव्यांग छात्रा छात्रा, कशिश कर्मा का सम्मान किया और 5001 रूपये की नगद राशि भेट की ।कार्यक्रम में विधायक ने, कबड्डी, क्रिकेट, खोखो , दौड़ आदि प्रतियोगिताओ का शुभारम्भ किया। स्वागत उदबोधन संकुल प्राचार्य आशा जोशी ने दिया, कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉ राजेश मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष प्रति निधि सतनाम सिंघ बग्गा ओम उपाध्याय, जयप्रकाश शर्मा, रेखा शर्मा, कमलेश जोशी, विक्रम शर्मा, अंकित जायसवाल, नारायण सोनी,संजना गुर्जर, , अनिल गोदारा, सहित बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी गण उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक शिक्षक मनोज दुबे ने किया। खेल गतिविधि सलीम खान, कमल सोलंकी, गोविन्द जोशी, लक्ष्मण दुखतावा ने करवाई, आभार प्रदर्शन, सुरेश रानियाँ एवं जितेंद्र कटारा ने किया । विद्यालय के समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा। आसपास के विद्यालयों की टीम ने भी सहभागिता की।

ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने फैशन को फास्ट लेन में दौड़ाया

देवास .. ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने जयपुर में नई रफ्तार पकड़ी, जहां यह हाई-फैशन और मोटरस्पोर्ट के संगम में बदल गया . जयपुर एडिशन में मोटरस्पोर्ट से प्रेरित डिज़ाइन, ग्लैमरस परफॉर्मेंस वियर और हाई-ऑक्टेन फैशन शोकेस देखने को मिला, जिसने गति और सटीकता के साथ आगे बढ़ते हुए 'फैशन के अगले कदम' को दर्शाया . फैशन डिजाइन कौंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ सहयोग में, इस शोकेस ने रनवे को स्टाइल और पावर के हाई-स्पीड सर्किट के रूप में फिर से कल्पित किया . प्रमुख डिजाइनर नम्रता जोशीपुरा और अभिषेक पाटनी ने हाई-ऑक्टेन मोटरकोर एस्थेटिक्स को नए रूप में पेश किया, और रेसिंग कल्चर को स्टेटमेंट-मेकिंग फैशन में बदल दिया . पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबाश्री दासगुप्ता ने कहा ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर हमेशा से फैशन और संस्कृति से जुड़ी बातचीत को आकार देने में सबसे आगे रहा है। जयपुर एडिशन ने इस विजन को और आगे बढ़ाया है, जहां हाई-ऑक्टेन मोटरस्पोर्ट और ग्लैमरस हाई-फैशन की दुनिया को जोड़कर एक इमर्सिव अनुभव बनाया गया .

सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी ने सदन में रखा शिक्षा का दर्द

बच्चों का तनाव, शिक्षकों की चुनौती और त्रिभाषा फार्मूला पर किए सवाल

सांसद सोलंकी का लोकसभा में बड़ा सवाल

बच्चों के परीक्षा-तनाव से लेकर त्रिभाषा फार्मूले पर उठाई महत्वपूर्ण बातें

देवास। लोकसभा में देवास-शाजापुर सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी ने एक बार फिर शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर मुद्दों को मुखरता से उठाया। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव, शिक्षकों की मानसिक दबाव की स्थिति और नई शिक्षा नीति 2020 के त्रिभाषा सूत्र के क्रियान्वयन पर दिए गए उनके सवालों ने सदन का ध्यान आकर्षित किया।

जब लोकसभा में सांसद सोलंकी बोल रहे थे, तो उनके सवालों में उन अनगिनत बच्चों का तनाव और शिक्षकों की थकान झलक रही थी, जो हर दिन भविष्य की दौड़ में खुद को साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। सांसद सोलंकी ने परीक्षा भय से लेकर त्रिभाषा सूत्र तक, शिक्षा के ऐसे पहलुओं को सामने रखा जिन्हें समाज अक्सर अनदेखा कर देता है।उन्होंने सदन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार मानते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में ऐसे बच्चों की चिंता की है, जो परीक्षा को लेकर बड़े तनाव में रहते थे। उन्होंने न केवल नेशनल एजुकेशन 2020 को लागू किया, बल्कि परीक्षा पे चर्चा कर उनके तनाव को दूर करने का काम भी किया। मेरा पहला प्रश्न है कि क्या एजुकेशन पॉलिसी 2020 के अनुसार त्रिभाषा सूत्र का उपयोग सरकारी विद्यालय में होने लगा है, विशेष रूप से मध्यप्रदेश और मध्यप्रदेश के देवास-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र में। उनके प्रश्न के जवाब में शिक्षा राज्य मंत्री सुकांता मजूमदार ने कहा कि नेशनल एजुकेश पॉलिसी का मूलभूत आधार एक या दो या ज्यादा भाषाओं को सीखना है। इसके द्वारा हमने कई स्टेप पर काम किया है। थ्री लैंग्वेज फार्मूला यानी एक बच्चा अपनी मातृभाषा में पढ़ाई करें, उसके बाद कोई एक भारतीय भाषा में पढ़े और उसके साथ-साथ इंग्लिश भी सीखे। सबसे ज्यादा ध्यान मातृभाषा पर दिया है। इसके लिए एनसीआरटी की 22 बुक्स को भारतीय भाषाओं में प्रिंट किया गया है। जो प्राइमर्स है, उन्हें 121 भाषाओं में छापा गया है। इसका उद्देश्य बच्चा अपनी लोकल भाषा है, उसमें पढ़ सके। इसके साथ-साथ पीएम ई विद्या है या दीक्षा प्लेटफार्म है, वहां भी मातृभाषा पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मप्र एनईपी का हिस्सा है, वहां भी श्री लैंग्वेज फार्मूला लागू है।

शिक्षकों व विद्यार्थियों के तनाव को दूर करने पर किया प्रश्न

सांसद श्री सोलंकी ने दूसरे प्रश्न में न केवल विद्यार्थियों बल्कि शिक्षकों के तनाव को दूर करने से संबंधित प्रश्न किया।

उन्होंने कहा कि आजकल विद्यालय में न केवल विद्यार्थी तनाव में है, बल्कि शिक्षक भी तनाव में रहते हैं। आपके पास कोई ऐसी कार्य योजना है, जिसके अंतर्गत सरकारी और प्राइवेट विद्यालय में शिक्षकों व विद्यार्थियों के तनाव को कम करने का कोई प्रावधान किया गया है।

इसके उत्तर पर राज्यमंत्री ने कहा कि बच्चे पर से प्रेशर हटाने के लिए इस बार से क्लास 10 की जो एक्जाम आ रही है, उसमें सीबीएसई ने नए प्रावधान लागू किए हैं, साल में दो बार बच्चा एक्जाम दे सकेगा। ऐसा होने से उस पर प्रेशर कम होगा। दो बार की एक्जाम में जिसमें ज्यादा नंबर आएंगे सीबीएसई उस ज्यादा नंबर को ही मार्क करेगा। इससे बच्चे परीक्षा के प्रेशर से बाहर निकल पाएंगे। उन्होंने कहा कि टीचर और स्टूडेंट के प्रेशर को घटाने के लिए हमने मनोदर्पण व्यवस्था भी शुरू की है।

भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा को ज्ञापन सौंपा

टोंक खुर्द। सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम बीसाखेड़ी में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा को सोनकच्छ विधायक डॉ,राजेश सोनकर, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, भाजपा विधि प्रकोष्ठ पूर्व जिला संयोजक श्याम सिंह गालोदिया की उपस्थिति में पूर्व किसान मोर्चा देवास जिला कार्यालय मंत्री निर्भय सिंह कराड़ा के नेतृत्व मे। ज्ञापन पत्र सोपा गया। ज्ञापन पत्र में उल्लेखनीय है कि। किसानो की सोयाबीन फसल पीला मोजक बीमारी के कारण पूर्ण रूप से 90 प्रतिशत फसल खत्म हो चुकी है जो किसानों को नुकसानी राहत राशि नहीं मिल पाई एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि भी नहीं मिल पाई देवास जिला में टोंक खुर्द, सोनकच्छ, देवास तहसील राहत राशि से शासन की राहत राशि योजना मे वंचित तीनों तहसील रह गई तीनों तहसीलों को शीघ्र अति शीघ्र शासन की सर्वे सूची मे जोड़ा जाए मुख्यमंत्री डॉ,मोहन यादव के नाम से ज्ञापन पत्र सोपा गया सूची में जोड़कर फसल नुकसानी राहत राशि एवं फसल बीमा राशि किसानों को दी जावे।

इस अवसर पर किसान सोनकच्छ के पूर्व जनपद प्रतिनिधि भारत सिंह यादव,टोंक खुर्द के किसान पंडा बाबूलाल गुर्जर, भारत सिंह गुर्जर, किसान गोवर्धन सिंह बोडाना पूर्व पार्षद भोरासा,किसान निर्मल सिंह गुर्जर आदि बड़ी संख्या मे सैकड़ो किसानों उपस्थित रहे।

आदिवासी किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जल संसाधन विभाग में ज्ञापन सौंपा

देवास। बागली विकासखंड के मुख्यालय पर स्थित मध्य प्रदेश शासन के जल संसाधन विभाग बागली मुख्यालय पर चंदकेशर बांध के वनवासी आदिवासी किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर के संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के नाम कार्यालय में स्थित स्टाफ को ज्ञापन पत्र सोपा गया ज्ञापन सोप ते समय भाजपा नेता ओमप्रकाश गोमलाडु जिलवानी किसान नेता लक्ष्छीराम उईकै निमलाय रविंद्र दरबार हीरापुर पवन हिंदू निर्भय सिंह सलाम छगनलाल सलाम प्रभु लाल सलाम आसाराम माखन कनोडिया छोटेलाल आदि किसान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

अचलूखेड़ी सरस्वती विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

देवास। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव की लगभग 80 महिलाओं मातृशक्ति की उपस्थिति दर्ज की गई। मुख्य वक्ता सुशीला माहेश्वरी अध्यापिका एवं अध्यक्षता ज्योति चौरे विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था की जिला अध्यक्ष, विशेष अतिथि चेतना राठौड़ राष्ट्र सेविका समिति की सदस्य एवं बाल न्यायालय जज निर्मला तिवारी एवं सुनीताघुले उपस्थित रही। अतिथियों द्वारा प्रणव अक्षर ओम भारत मां सरस्वती का पूजन कर दीप प्रज्वलित किया गया एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य वक्ता सुशीला माहेश्वरी दीदी ने पंच पदी परिवर्तन सिद्धांत को लेकर सभी माताओ का मार्गदर्शन किया। कुटुंब प्रबोधन और किस प्रकार परिवार को एक सूत्र में पिरोया जाए इस पर अपने विचार व्यक्त किये। ज्योति चौरे दीदी ने बताया कि माता में सात शक्तियां विद्यमान है वह सृजन कर्ता है और परिवार समाज राष्ट्र के लिए मुख्य भूमिका निभाती है। बच्चों में अच्छे संस्कार देने का कार्य माता ही कर सकती है। चेतना दीदी ने बताया कि माताएं बच्चों की पहले गुरु होती है वह अपने बच्चों को सदमार्ग पर ले जाने का कार्य करती है। सुनीता घुले दीदी ने पर्यावरण संरक्षण में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए और पौधा रोपण आवश्यक है बच्चों के जन्मदिन पर हम एक पौधा लगा सकते हैं। निर्मला तिवारी ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान किये।

विद्यालय की प्रधानाचार्य कौशल्या सोलंकी ने कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन हेमलता नागेश दीदी ने किया और माताओ से प्रश्नोत्तरी किरण चौधरी दीदी ने की और सही उत्तर बताने पर उन्हें पुरस्कृत किया। विद्यालय की बहनों द्वारा वीरांगनाओं की वेशभूषा धारण कर उनके विचार प्रस्तुत किये। आभार रेखा चौहान दीदी ने माना। शशिकला बारस्कर, वंदना शर्मा, उर्मिला पगारे एवं अन्य विद्यालय से पधारी प्रधानाचार्य एवं दीदी ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

देश भर में 51000 शिवलिंग स्थापित करने का संकल्प लिया

बागली। नर्मदा परिक्रमा वासी संत विभु जी महाराज द्वारा पूरे भारतवर्ष में एवं नर्मदा परिक्रमा क्षेत्र के आसपास 51000 शिवलिंग स्थापित करने का संकल्प लिया गया विगत 30 वर्ष पूर्व लिए गए इस संकल्प में अभी तक संत विभु जी महाराज द्वारा 21318 शिवलिंगों की अलग-अलग स्थान पर स्थापना कर दी गई है। इसी श्रृंखला में बागली विधानसभा क्षेत्र के बोर पडावा के निकट घोड़ा पछाड़ नदी के किनारे पर प्राचीन घोड़ा टॉप स्थान पर 21318 वे शिवलिंग की स्थापना करते हुए शिवपूजन के साथ-साथ प्रतिष्ठित शिवलिंग का पंचामृत स्नान विधि के साथ स्थापित गया स्थानीय लोगों ने बताया कि यह स्थान रामायण कालीन होकर लव कुश का बाल्यावस्था क्षेत्र माना जाता है ।यहीं पर भगवान राम द्वारा आयोजित अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा लव कुश द्वारा रोका गया था । जिसके निशान आज भी नदी किनारे दिखाई देते हैं। रविवार को नर्मदा परिक्रमा वासी सतं विभु जी महाराज द्वारा इस स्थान की महिमा सुनकर यहां पर शिवलिंग स्थापना करने का मन बनाया श्रद्धालुओं की सहायता से रविवार को यहां पर साधारण समारोह के तहत शिवलिंग स्थापित किया गया संत विभुजी महाराज ने बताया कि वह दूसरी बार पैदल नर्मदा परिक्रमा कर रहे हैं। इस दौरान ग्रामीण जेठा भाई देवा भाइ पटेल देवा भाई चारण शिक्षक गोविंद चौहान साथ में रहे शिवलिंग स्थापना के बाद यह संत शाम को विश्राम के लिए पिपरी स्थित नर्मदा मंदिर पर अन्य परिक्रमा वासियों के साथ विश्राम के लिए पहुंचे इसी स्थान पर संत विभुजी महाराज ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। सनातन सेवा समिति के गिरधर गुप्ता ने बताया कि और किसी को कॉलोनी में या अन्य धार्मिक स्थल पर शिवलिंग की स्थापना करवाना हो तो वह संपर्क करें ।

69 वीं राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस शालेय खेल प्रतियोगिता हेतु तैयारी शुरू

11 दिसंबर से 14 दिसंबर तक होगी प्रतियोगिता

देवास। 69 वीं राष्ट्रीय सॉफ्ट टेनिस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (14,17,19 वर्ष से कम बालक बालिका समूह) देवास में आयोजित होगी। प्रतियोगिता को लेकर पायनियर स्कूल में विभिन्न समितियों की बैठक आयोजित की गई। प्रतियोगिता संयोजक सुदेश सांगते ने बताया कि जिलाधीश ऋषुराज सिंह के मार्गदर्शन में दिनांक 11 दिसंबर से 14 दिसंबर तक यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता पायनियर स्कूल में संपन्न होगी। संगठन सचिव जिला शिक्षा अधिकारी हरि सिंह भारती ने बताया कि इस हेतु विभिन्न समितियों उद्घाटन समिति ,आवास समिति, क्रीड़ांगन समिति, अपील समिति ,प्रचार प्रसार समिति, वाहन समिति, भोजन समिति आदि का गठन किया गया है। इस हेतु विभिन्न अधिकारियों कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौपी गई है। इस प्रतियोगिता में 16 राज्यों की टीम के 500 खिलाड़ी एवं ऑफिशियल शामिल होगे।

खिलाड़ियों के आवास की व्यवस्था सेन धर्मशाला ,भगत श्री गार्डन, उत्कृष्ट विद्यालय हॉस्टल में बालक बालिकाओ हेतु प्रथक प्रथक की गई है। प्रतियोगिता के मैच स्पोर्ट्स पार्क टाटा चौराहा, पुलिस लाइन ,एवं पायनियर स्कूल में संपन्न होंगे।

प्रतियोगिता के मैच फ्लड लाइट में भी संपन्न होंगे । विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी देवास पहुंचना शुरू हो गए हैं।

एक नजर इंदौर, उज्जैन, राजगढ, धार, हरदा, भोपाल से वर-वधू व बटुकों ने हिस्सा लिया

महामना श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का नि :शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन

देवास। महामना पं. मदनमोहन मालवीय श्री श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का विगत दिनों निःशुल्क विशाल सामुहिक विवाह सम्मेलन जोशी फार्म हाऊस लोहारपीपल्या एबी रोड पर सम्पन्न हुआ। महामना ट्रस्ट महासचिव पंकज पंड्या एवं सचिव सचिन जोशी ने बताया कि उक्त सम्मेलन में महामण्डलेश्वर श्री धरानंद जी महाराज बीकानेर (नेमावर घाट) एवं शैलेषानंद जी महाराज नलखेडा (उज्जैन) जूना अखाडा के मुख्य आतिथ्य एवं आयोजन संवरक्षक शरद पंडित, राजेन्द्र मण्डलोई, प्रेमशंकर पाण्डेय के सानिध्य में सन्पन्न हुआ। आयोजन वैदिक पद्धिति से वेद मूर्ति प्रेमनारायण शुक्ल, मंगेश शुक्ल, पं. गोपाल शास्त्री, अनिल दुबे, जितेन्द्र पंड्या के आचार्यत्व में प्रात:9 बजे प्रारंभ हुआ। जिसमें 7 वर-वधू एवं 21 बटुकों ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम भगवान श्रीगणेश का पूजन, मण्डप ग्रह शांति, यज्ञोपवित कराकर जुलूस निकाला गया। इस दौरान वर-वधू और बटुकों का पुष्पवर्षा से जोरदार स्वागत किया गया। महामण्डलेश्वरद्वय द्वारा सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन किया गया। तत्पश्चात महामण्डलेश्वरद्वय एवं अतिथियों का माँ तुलजा भवानी-माँ चामुण्डा का छायाचित्र भेंटकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत ट्रस्ट के एसएन पाठक, केके नाईक, ओपी दुबे, पंकज पंड्या, दिनेश दुबे, मनोज व्यास, शैलेन्द्र जोशी, सचिन जोशी, राजेन्द्र जोशी, ओपी दुबे (शिक्षा विभाग), अमिताभ जोशी, विशाल दुबे, प्रांतीय उपाध्यक्ष सुधीर शर्मा, अरविंद जोशी आदि ने किया। तत्पश्चात लग्न की परम्परा पूर्ण हुई। विवाह सम्मेलन में प्रदेश के इंदौर, उज्जैन, राजगढ, धार, हरदा, भोपाल से वर-वधू व बटुकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में इंदौर, उज्जैन, राजगढ, धार, शाजापुर के अध्यक्ष मय कार्यकारिणी के उपस्थित हुए। साथ ही देवास जिले टोंकखुर्द अध्यक्ष कैलाश पंड्या, परशुराम सेना आगर अध्यक्ष संजय शर्मा, राजेन्द्र दुबे, ललीत दुबे सरपंच, हरीश जोशी, अ.भा. ब्राह्मण समाज उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सुशील शर्मा, ब्रह्म बंधु बैंक नोट प्रेस सहित अन्य पदाधिकारी के साथ मप्र महाराष्ट्र, राजस्थान, उप्र के समाजजन बडी संख्या में शामिल हुए।

विवाह सम्मेलन में ट्रस्ट एवं आयोजन समिति के एन.के. जोशी, मोहन जोशी, महेन्द्र जोशी, नरेन्द्र शर्मा, महेन्द्र शर्मा, कमल मण्डलोई, सुभाष तिवारी, ओपी शर्मा, किशोर पाठक, राजेन्द्र जोशी, राकेश शर्मा, राधेश्याम सोनी, एसडीओ ए.के. श्रीवास्तव, मनीष मोदी, सचिन दुबे, शिवम जोशी, डॉ. विजय तिवारी, निखिल जोशी, प्रफुल्ल शर्मा, दीपक ठाकुर, अर्जुन तिवारी, विवेक शुक्ला, शैलेन्द्र दुबे, चंद्रशेखर दुबे आदि का सराहनीय योगदान रहा।

ज़ाहिर सूचना

यह कि मेरे पक्षकार, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, सियागंज शाखा, इंदौर में - सुश्री दीप्ति जोशी पुत्री श्री ओमप्रकाश जोशी के द्वारा, उनके स्वामित्व तथा आधिपत्य के भूखंड क्रमांक 42 (पूर्वी दक्षिणी भाग), रकबा 983 वर्ग फीट (91.35 वर्ग मीटर), जो कि वार्ड क्रमांक 38, विजया रोड, तहसील व ज़िला - देवास (मध्य प्रदेश) में स्थित है, – को गिरवी या बंधक (mortgage) रखा जा रहा है। उपरोक्त वर्णित भूमि के पूर्व के असल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र पंजीयन संख्या A-1/ 1563/ volume 3548 दिनांक 11/ 08/ 1995, कहीं गुम हो गये है । बाद के असल दस्तावेज़ मेरे पक्षकार के पास हैं। अगर उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक या संस्था का रहन, कर्ज़, डिक्री, जमानत, या अन्य किसी भी प्रकार का बोझ या भार हो, तो निम्नलिखित पते पर समाचार पत्र में छपने के 03 दिनों के भीतर लिखित में संपर्क करें , अन्यथा मेरे पक्षकार के द्वारा उपरोक्त वर्णित संपत्ति को नियमानुसार गिरवी या बंधक रख लिया जायेगा एवं तत्पश्चात् कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधन कारक नहीं होगी।

अभ्युदय कुमार सिंह , एडवोकेट ,
डी1-103, बालाजी स्काइज, निपानिया रोड,
इंदौर-452010 .
मोबाइल-8085266963 .